दर्श दिखाओ बाला जी

कब से राह निहारु मैं, आओ बाला जी,
दर्श दिखाओ बाला जी हो दर्श दिखाओ बाला जी.....

जिसके रक्षक तुम हो बजरंग,
कोई भी मार सके ना,
जिसपे कर देते हो दया तुम,
कभी वो हार सके ना,
मेरे भी बिगड़े बना दो काम बाला जी,
दर्श दिखाओ बाला जी हो दर्श दिखाओ बाला जी.....

तेरे नाम से संकट भागे,
नाम बड़ा है तेरा,
मेरे संकट दूर करो,
ना काम बड़ा है मेरा,
सुबह शाम रटता रहु तेरा नाम बाला जी,
दर्श दिखाओ बाला जी हो दर्श दिखाओ बाला जी.....

लाखो करोड़ो भगत है तेरे,
जय जय तेरी होती,
'लकी' ने अपने मन में है,
तेरी जगाई ज्योति,
राम नाम करता रहता हो ध्यान बाला जी,
दर्श दिखाओ बाला जी हो दर्श दिखाओ बाला जी.....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/31803/title/darsh-dikhao-bala-ji

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |